# एंबुलेंस की लेटलतीफी से मरीज की बिगड़ी हालत

## दो घंटे में पांच बार फोन करने के बाद पहुंची एंबुलेंस, जिला अस्पताल से नागपुर रेफर हुआ मरीज

**निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल**

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 18 सितंबर. जिले में एंबुलेंस की लेटलतीफी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कुछ दिन पहले जुन्नारदेव क्षेत्र में ऐसे तीन से चार मामले सामने आए थे, जहां समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण परिजनों को निजी वाहनों से मरीजों को अस्पताल पहुंचाना पड़ा।**

अब गुरुवार देर रात एक और मामला सामने आया है। एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने के कारण गंभीर मरीज को परिजन निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत में सुधार नहीं होने पर मरीज को नागपुर रेफर किया गया। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और नागपुर में उसका उपचार चल रहा है।जानकारी के अनुसार रिवाज उइके (44) निवासी मोहपानी विशाल के पैर में कुछ दिन पहले फ्रैक्चर हुआ था।



इसके बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होते देख परिजनों ने एंबुलेंस के लिए फोन किया। करीब एक घंटे तक इंतजार करने के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं पहुंची तो परिजन मरीज को निजी वाहन से बिछुआ अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे छिंदवाड़ा जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### डेढ़ घंटे इंतजार के बाद निजी वाहन से पहुंचे जिला अस्पताल

बिछुआ से छिंदवाड़ा लाने के लिए परिजनों ने दोबारा एंबुलेंस को फोन किया। परिजनों के अनुसार करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करने के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस दौरान मरीज की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। स्थिति को देखते हुए परिजन घबरा गए और निजी वाहन से रिवाज को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया, लेकिन हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर उसे नागपुर रेफर कर दिया गया।

### ऑक्सीजन सिलेंडर लेने गई थी एंबुलेंस

परिजनों के अनुसार, पांचवीं बार फोन करने पर कॉल सेंटर ने उन्हें एंबुलेंस के पायलट से बात कराई। पायलट ने बताया कि एंबुलेंस ऑक्सीजन लेकर लौट रही थी, इसलिए पहुंचने में देरी हुई। उसके अनुसार छिंदवाड़ा अस्पताल में ऑक्सीजन का गोदाम बंद हो गया था, जिसके कारण ऑक्सीजन की व्यवस्था करने में समय लगा।

### आदिवासी क्षेत्रों में बढ़ रही परेशानी

जिले में एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। जुन्नारदेव के बाद अब यह मामला भी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस की देरी के कारण गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। तामिया क्षेत्र में भी पूर्व में एंबुलेंस की देरी से मरीज की मौत का मामला सामने आ चुका है। इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं होने से आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**नागपुर ले जाने के लिए भी करना पड़ा लंबा इंतजार–** मरीज को नागपुर ले जाने के लिए परिजनों ने तीसरी बार एंबुलेंस के लिए संपर्क किया। परिजनों का कहना है कि करीब दो घंटे के दौरान उन्होंने लगभग पांच बार फोन किया। इसके बाद एंबुलेंस उपलब्ध हो सकी और मरीज को नागपुर ले जाया गया। वहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

***इस मामले मेंजांच की जाएगी.जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई की जाएगी. (डॉ.अर्चना कैथवाल सीएमएचओ छिंदवाड़ा)***

# लालबाग के बादशाह में कालिया नाग के फनों पर नृत्य करते दिखेंगे कान्हा



**15 फीट की भव्य प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र, आज से श्रद्धालु कर रहे दर्शन**

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 18 सितंबर. गणेश उत्सव को यादगार बनाने के लिए श्री सनातन सेवा समिति, लालबाग द्वारा इस बार भगवान श्रीकृष्ण की कालिया नाग मर्दन लीला को भव्य रूप में प्रस्तुत किया गया है। शहर की चर्चित झांकियों में शामिल श्री लालबाग के बादशाह के दरबार में श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण का कालिया नाग के फनों पर नृत्य करते हुए मनमोहक स्वरूप देखने को मिल रहा है।**

झांकी में करीब 15 फीट की भव्य प्रतिमा तैयार की गई है। इसमें यमुना नदी में कालिया नाग के विष से परेशान गोकुलवासियों को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उसके आतंक से मुक्ति दिलाने और उसके फनों पर नृत्य करने की पौराणिक लीला को जीवंत स्वरूप दिया गया है। झांकी में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप से लेकर कालिया नाग मर्दन तक के प्रसंग को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

### तीन महीने की मेहनत के बाद तैयार हुई भव्य झांकी

झांकी को तैयार करने में समिति के सदस्यों और कारीगरों ने करीब तीन महीने तक लगातार मेहनत की। दिन-रात चले निर्माण कार्य के बाद अब झांकी श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयार है। समिति का प्रयास है कि लालबाग पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था के साथ भारतीय संस्कृति और पौराणिक कथाओं की भव्य झलक भी देखने को मिले।

### कालिया नाग मर्दन से बुराई पर अच्छाई का संदेश

समिति के सदस्यों के अनुसार कालिया नाग मर्दन की यह झांकी केवल धार्मिक प्रसंग का प्रदर्शन नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश भी देती है। भगवान श्रीकृष्ण की यह लीला यह संदेश देती है कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंतत: सत्य और धर्म की विजय होती है।

# यूसीसी को लेकर मुस्लिम समाज ने जताई आपत्ति, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 18 सितंबर. यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को विरोध दर्ज कराया। जुमे की नमाज के बाद बड़ी संख्या में समाज के लोग ईद मिलादुन्नबी ग्राउंड में एकत्र हुए।**

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में यूसीसी को लेकर मुस्लिम समुदाय की आपत्तियों और चिंताओं से प्रशासन को अवगत कराया गया।

कमेटी के सदर अमसाल खान ने कहा कि यूसीसी को लेकर मुस्लिम समुदाय की अपनी आपत्तियां हैं। सरकार को इस संबंध में कोई निर्णय लेने से पहले समुदाय की चिंताओं और पक्ष को गंभीरता से सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूसीसी से जुड़े विषय पर समुदाय की बात रखने का अवसर दिया जाना चाहिए और उनकी आपत्तियों पर विचार किया जाना चाहिए।ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की गई कि यूसीसी को लेकर मुस्लिम समुदाय की ओर से उठाए जा रहे मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाए। साथ ही समुदाय के प्रतिनिधियों की बात सुनने के बाद ही आगे की प्रक्रिया तय की जाए।

# 2013 बैच के शिक्षकों की 12 वर्षीय क्रमोन्नति का मामला गरमाया

## छूटे नामों को शामिल करने की मांग, जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 18 सितंबर. वर्ष 2013 में नियुक्त माध्यमिक शिक्षकों की 12 वर्षीय क्रमोन्नति का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण जबलपुर संभाग द्वारा क्रमोन्नति को लेकर जारी सूची में केवल 27 शिक्षकों के नाम शामिल किए गए हैं, जबकि वर्ष 2013 बैच के 150 से अधिक शिक्षक पात्रता रखने का दावा कर रहे हैं।**

बड़ी संख्या में पात्र शिक्षकों के नाम सूची में शामिल नहीं होने से शिक्षकों में असंतोष और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसी मामले को लेकर वर्ष 2013 बैच के प्रभावित माध्यमिक शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। शिक्षकों ने बताया कि अनेक शिक्षकों ने अपनी 12 वर्ष की निरंतर एवं संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली है तथा उन्हें पूर्व में किसी पदोन्नति का लाभ भी प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद जारी क्रमोन्नति सूची में कई पात्र शिक्षकों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं।ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने मांग की है कि वर्ष 2013 बैच के सभी पात्र शिक्षकों के सेवा अभिलेखों का परीक्षण किया जाए तथा जिन शिक्षकों के नाम क्रमोन्नति सूची में छूट गए हैं, उनके प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र क्रमोन्नति आदेश जारी किए जाएं।


शिक्षकों ने यह भी मांग रखी कि जिन पात्र शिक्षकों के नाम सूची में शामिल नहीं किए गए हैं, उनके नाम छूटने का स्पष्ट कारण बताया जाए तथा यदि किसी प्रकार की त्रुटि हुई है तो उसमें आवश्यक सुधार किया जाए।

प्रभावित शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने निर्धारित 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर ली है और पात्रता की अन्य शर्तें पूरी करने वाले शिक्षकों को नियमानुसार क्रमोन्नति का लाभ मिलना चाहिए। शिक्षकों ने शिक्षा विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए कहा कि सूची में बड़ी संख्या में पात्र शिक्षकों के नाम नहीं होने से संबंधित शिक्षकों के बीच भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है। वर्ष 2013 बैच के समस्त प्रभावित माध्यमिक शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर मामले का शीघ्र निराकरण करने, छूटे हुए पात्र शिक्षकों के प्रकरणों की जांच कराने तथा नियमानुसार क्रमोन्नति का लाभ दिलाने की मांग की है। अब शिक्षकों की नजर शिक्षा विभाग द्वारा इस मामले में की जाने वाली आगामी कार्रवाई पर है।

# जिले में आधा घंटे जोरदार बारिश, उमरेड में गिरे ओले

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 18 सितंबर. जिले में शुक्रवार को दिनभर तेज धूप और उमस से लोग परेशान रहे। शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे से अधिक समय तक हुई जोरदार बारिश से सड़कों पर पानी बह निकला। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं से मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।**





इधर, जिले के उमरेड क्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की भी जानकारी सामने आई है। अचानक गिरे ओलों से किसानों की चिंता बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि इस सीजन में पहली बार बारिश के साथ ओलावृष्टि देखने को मिली है। खेतों में खड़ी फसलों पर ओलावृष्टि के असर को लेकर किसान चिंतित हैं और नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं।शुक्रवार सुबह से ही मौसम में उमस बनी हुई थी। दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी और बढ़ गई। शाम के समय आसमान में घने बादल छा गए और कुछ ही देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान तेज हवाएं भी चलीं। अचानक बदले मौसम से तापमान में गिरावट महसूस की गई।बारिश से शहरवासियों के चेहरे पर राहत और खुशी नजर आई, वहीं उमरेड क्षेत्र में ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। किसान अब खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति देख रहे हैं।

### ओलावृष्टि से फसलों पर असर की चिंता

उमरेड क्षेत्र में बारिश के साथ गिरे ओलों से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान की आशंका है। किसान फसलों का जायजा लेकर वास्तविक स्थिति का आकलन कर रहे हैं। यदि ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है तो आने वाले दिनों में इसका असर सामने आ सकता है।

### जिले में अभी तक 750.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिंदवाड़ा,** जिले की सामान्य औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 750.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 966.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।जिले में 18 सितंबर 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 02 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 सितंबर 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील तामिया में 06, अमरवाड़ा में 2.4 और चौरई में 14 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# कोल्ड्रिफ सिरप कांड : थोक विक्रेता राजेश सोनी को हाईकोर्ट से जमानत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 18 सितंबर. कोल्ड्रिफ कफ सिरप मामले में करीब 11 महीने से जेल में बंद छिंदवाड़ा के थोक दवा विक्रेता राजेश सोनी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है।** शुक्रवार को जमानत आवेदन पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आवेदन मंजूर कर लिया। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक हाईकोर्ट के पोर्टल पर जमानत आदेश अपलोड नहीं हुआ था। राजेश सोनी छिंदवाड़ा में फार्मा का कारोबार करते थे। कोल्ड्रिफ सिरप पीने के बाद बच्चों की मौत के मामले में पुलिस ने उन्हें केमिस्ट सौरभ जैन के साथ 13 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें रिमांड पर लेकर न्यायालय में पेश किया गया था। इसके बाद से वे जेल में थे।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ था मामला–** पुलिस ने राजेश सोनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 276, 105 और 238 बी के साथ ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की धारा 27 ए के तहत प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस की जांच में जहरीले सिरप की सप्लाई और उससे जुड़े लोगों की भूमिका को लेकर कार्रवाई की गई थी।

**सिरप में मिला था 46 प्रतिशत डीईजी–** मामले की जांच में श्रीसन कंपनी के एसआर-13 बैच के कोल्ड्रिफ सिरप में 46 प्रतिशत डायएथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) पाए जाने की बात सामने आई थी। इस सिरप को बच्चों की मौत से जोड़कर जांच की जा रही है। परासिया-छिंदवाड़ा क्षेत्र में इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

# सांसद ने नवनिर्मित संजीवनी क्लीनिकों को प्रारंभ करने कलेक्टर को लिखा पत्र

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने नगर निगम छिन्दवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्मित की गई चार नवनिर्मित संजीवनी क्लीनिकों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने के लिए छिन्दवाड़ा कलेक्टर हरेन्द्र नारायण को पत्र लिखा है। सांसद श्री साहू द्वारा कलेक्टर को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर निगम छिन्दवाड़ा के अंतर्गत खैरी भोपाल वार्ड नंबर 09, ढिमराढाना वार्ड नंबर 3, संत रविदास वार्ड नंबर 23 एवं वार्ड नंबर 19 पातालेश्वर वार्ड में निर्मित संजीवनी क्लीनिक को जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए.

# जंगल के अंदर ही बना रहे सिलियां, रात के अंधेरे में हो रही सागौन की तस्करी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 18 सितंबर. वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए बिछुआ क्षेत्र के जंगलों में सागौन की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि वन माफिया जंगल के भीतर ही सागौन के पेड़ काटकर उनकी लकड़ियों की सिलियां तैयार कर रहे हैं। इसके बाद रात के अंधेरे में इन सिलियों को जंगल से बाहर ले जाया जा रहा है।**



विभागीय सूत्रों के मुताबिक जंगल में कटाई करने वाले तस्कर झुंड में निकलते हैं। एक पेड़ काटने में इन माफियाओं को एक घंटे से भी कम समय लगता है। कटाई के बाद तस्कर जंगल में ही पेड़ की कीमती लकड़ियों की सिलियां बना देते हैं। इस दौरान उनके पास धारदार हथियार भी रहते हैं, जिससे वनकर्मी कार्रवाई करने से डरते हैं।बताया गया है कि बिछुआ रेंज की करीब दस बीट में सक्रिय माफियाओं ने सागौन के पेड़ों की कटाई की है। जंगल की सुरक्षा के लिए तैनात कर्मचारी मुख्यालय में नहीं रहते। इसका फायदा तस्कर उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन चौकियों पर कर्मचारी कभी-कभार ही दिखाई देते हैं।

### इन बीटों में बेरोकटोक कटाई का आरोप

पान्याबाड़ी, सुरगी, गुढ़िया, चकवारा, राजादेवी, भूतांगसांवरी, पलोन और चौरिया के जंगलों में सागौन की कटाई होने की बात सामने आई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार बिछुआ के पान्याबाड़ी, सुरगी गुढ़िया और चौरिया की कक्ष क्रमांक 1510, 1511, 1506, 1546, 1543, 1544 और 1545 में अवैध कटाई की जा रही है।वन विभाग का पक्ष- रेंजर करिश्मा शेख के अनुसार, च्बिछुआ में अवैध कटाई की जानकारी मिलने के बाद तस्करों पर कार्रवाई की जाएगी। रात में गश्ती जारी है।

# मां के साथ जमीन पर सो रही ढाई साल की मासूम को सांप ने डसा, मौत

**छिंदवाड़ा.** सौसर थाना क्षेत्र के मैं गोंडी गांव में सर्पदंश से ढाई साल की मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, मैं गोंडी निवासी सुनील बरखाने की ढाई वर्षीय बेटी आराध्या बीती रात अपनी मां के साथ जमीन पर सो रही थी। रात करीब 12 बजे अचानक सांप ने उसे डस लिया। सर्पदंश के बाद मासूम की हालत बिगड़ने लगी।परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने तत्काल इलाज शुरू किया, लेकिन देर रात करीब 1:30 बजे आराध्या ने दम तोड़ दिया।मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# ऐनी इजीनियरिंग कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 18 सितंबर. ऐनी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, छिंदवाड़ा में भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।**

भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सभी ने सुख, समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन, उनके शिल्प एवं निर्माण कला में योगदान तथा तकनीकी क्षेत्र में उनके महत्व पर प्रकाश डाला।

विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया और परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा।महाविद्यालय प्राध्यापको ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जयंती तकनीकी एवं इंजीनियरिंग क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों के लिए विशेष महत्व रखती है। यह दिवस विद्यार्थियों को कौशल, तकनीकी ज्ञान, रचनात्मकता एवं मेहनत के प्रति प्रेरित करता है।कार्यक्रम का समापन सभी की सहभागिता एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ।

**क्राईम** | 256 लोगों की ब्रॉडकास्ट सूची बनाकर भेजा क्यूआर कोड, पुलिस की तत्परता से सुरक्षित हुआ खाता

# पीएम आवास योजना की एपीके ने किया वाट्सएप हैक, 6 हजार की ठगी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 18 सितंबर. पश्चिम कोयलांचल क्षेत्र में साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने पीएम आवास योजना की सूची के नाम पर भेजी गई एपीके फाइल के जरिए एक युवक का वाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया।**



इसके बाद हैकर ने युवक के वाट्सएप से 256 लोगों की ब्रॉडकास्ट सूची बनाकर उन्हें क्यूआर कोड भेजा और मदद के नाम पर रुपये मांगने शुरू कर दिए। बताया गया कि कुछ लोगों ने परिचित समझकर राशि भी ट्रांसफर कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दातलावासी निवासी कुणाल चौरसिया (19) के मोबाइल पर पीएम आवास योजना की सूची के नाम से एक एपीके फाइल भेजी गई थी। युवक ने फाइल डाउनलोड कर इंस्टॉल कर ली। इसके बाद उसका वाट्सएप अकाउंट हैक हो गया। इसी दौरान उसकी जियो सिम भी बंद हो गई। साइबर ठगों ने उसके संपर्कों का इस्तेमाल करते हुए रुपये मांगने शुरू कर दिए और करीब छह हजार रुपये की ठगी की गई।

### पुलिस ने तत्काल की कार्रवाई

मामले की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी जे. मसराम ने उप थाना प्रभारी मुकेश डोंगरे को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने युवक के मोबाइल की जांच कर पीएम आवास योजना के नाम से इंस्टॉल की गई संदिग्ध एपीके फाइल को हटाया। इसके बाद वाट्सएप को री-इंस्टॉल कर अकाउंट को सुरक्षित किया गया। साथ ही जियो सिम को भी दोबारा सक्रिय कराया गया।

### एपीके फाइल से रहें सावधान

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी अज्ञात नंबर या ग्रुप से प्राप्त एपीके फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। योजना, मुफ्त रिचार्ज या लॉटरी के नाम पर भेजे गए संदिग्ध लिंक से भी बचें। किसी परिचित के नाम से पैसे मांगे जाने पर पहले फोन कर पुष्टि करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours
B.C.A. MCU / M.Sc. CS
B.Sc. Maths / B.Sc. Biology
B.Com. Honours / M.Com.
B.A. Honours / B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589